College Code: 1901

कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग)

Web site- www.digvijaycollege.com Email: principal@digvijaycollege.com ☎: & Fax 07744-296331

क्र./ 662 /GDCR/2023 राजनांदगांव दिनांक 12/7/2023

अतिथि व्याख्याता अध्यापन हेतु विज्ञापन

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नया रायपुर का पत्र क्र. 504/126/आउशि/2023 दिनांक 10.07.2023 में शैक्षणिक सत्र 2022–23 एवं समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित विषयों में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्व अतिथि व्याख्याता अध्यापन कार्य हेतु आवेदन पत्र दिनांक 21.07.2023 तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर महाविद्यालय में जमा किए जा सकते है, अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त पदों का विवरण

क्र.	विषय	रिक्त पद
1.	राजनीति विज्ञान	01
2.	इतिहास	01
3.	समाजशास्त्र	02
4.	वाणिज्य	02

यह व्यवस्था निम्न शर्तो के अधीन होगी :–

1. उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर एवं आयुक्त उच्च शिक्षा रायपुर के आदेश के अनुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप प्रवीण्यता के आधार पर अभ्यार्थियों को रिक्त पदों के अनुसार अध्यापन हेतु बुलाया जा सकेगा। मानदेय राशि 300/– रूपये प्रति व्याख्यान (45 मिनट) देय होगा प्रतिदिन अधिकतम राशि 1200/– रूपये तथा प्रतिमाह अधिकतम 31,200/– रूपये देय होगा।
2. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे।
3. पदों की संख्या आवश्यकतानुसार अधिक एवं कम की जा सकती है।
4. चयनित उम्मीदवार के विरूद्व पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा शासकीय/अर्द्वशासकीय सेवक न हो इस बाबत् कार्यभार ग्रहण करते समय शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदक अपना मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है।

(डॉ. के.एल. टांडेकर)
प्राचार्य
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगॉव(छ.ग.)

क्र./ 662/GDCR/2023 राजनांदगांव, दिनांक: 12/7/2023

प्रतिलिपि–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन नया रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
2. कुल सचिव हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग को सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला राजनांदगांव को सूचनार्थ।
4. प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय.. को सूचनार्थ।
5. जिला रोजगार अधिकारी, रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव।
6. महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा हेतु/वेबसाईट में अपलोड हेतु।
7. स्थापना/लेखा शाखा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव।

(डॉ. के.एल.टांडेकर)
प्राचार्य
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगॉव(छ.ग.)